छिंदवाड़ा | गुरुवार | 14 मई 2026 | वर्ष 26 | अंक 35 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु.5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नवभारत



05 भारत-चिली के संबंध होंगे मजबूत



4 अब होगी विजय की असली परीक्षा



9 भारतीय दवा नेटवर्क पर वीजा प्रतिबंध



08 सिनर ने 1000 जीत की स्ट्रीक में जोकोविच की बराबरी की

# 12वीं में लड़कियों ने मारी बाजी

**94** हजार छात्रों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए | **12** वीं सीबीएससीई में 85 .20% छात्र हुए पास

### एक विषय में फेल छात्रों को मिलेगा दूसरा मौका
### कंपार्टमेंट परीक्षा से छात्र बचा सकेंगे अपना साल

**नई दिल्ली,13 मई. सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का रिजल्ट जारी कर दिया है. इस वर्ष कुल 85.20 प्रतिशत छात्र परीक्षा में सफल हुए हैं.यह परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में लगभग तीन प्रतिशत कम रहा.बोर्ड के अनुसार, इस बार 94,028 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 17,113 छात्रों ने 95 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए हैं.**

इस बार कॉपियों का मूल्यांकन ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम के तहत किया गया.छात्र अपना रिजल्ट CBSE Official Website, Results Portal, DigiLocker Results लिंक UMANG App Portal पर देख सकते हैं. छात्र डिजिलॉकर और



उमंग ऐप के जरिए भी डिजिटल मार्कशीट डाउनलोड कर सकते हैं. रिजल्ट में लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है.लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86 प्रतिशत रहा, जबकि लड़कों का रिजल्ट 82.13 प्रतिशत दर्ज किया गया.इस प्रकार लड़कियों का परिणाम लड़कों से 6.73 प्रतिशत बेहतर रहा.ट्रांसजेंडर श्रेणी के छात्रों का परिणाम 100 प्रतिशत रहा।रीजन वाइज परिणाम में त्रिवेंद्रम सबसे आगे रहा, जहां 95.62 प्रतिशत छात्र सफल हुए.वहीं प्रयागराज रीजन 72.43 प्रतिशत परिणाम के साथ सबसे पीछे रहा.पिछले वर्ष भी त्रिवेंद्रम का प्रदर्शन सबसे बेहतर और प्रयागराज का सबसे कमजोर रहा था.

सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि

| नाम | शहर/स्ट्रीम | अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| सावी जैन | बेंगलुरु (कला) | 499/500 | 99.8% |
| नंदना रंजीश | बेंगलुरु (विज्ञान) | 499/500 | 99.8% |
| हंस दारुका | विज्ञान | 494/500 | 98.8% |
| भव्य राय | कला | 494/500 | 98.8% |
| ए. मोहम्मद अशफाक | चेन्नई | 491/500 | 98.2% |
| हर्षिता बालाजी | – | 487/500 | 97.4% |

इस बार भी कोई मेरिट लिस्ट जारी नहीं की जाएगी और न ही किसी छात्र को आधिकारिक टॉपर घोषित किया जाएगा.बोर्ड ने सभी स्कूलों और संस्थानों को निर्देश दिए हैं कि वे किसी भी छात्र को स्कूल या जिले का टॉपर घोषित न करें. जो छात्र इंटरनेट की समस्या के कारण वेबसाइट पर रिजल्ट नहीं देख पा रहे हैं, वे एसएमएस के जरिए भी अपना परिणाम प्राप्त कर सकते हैं. इसके लिए मोबाइल के मैसेज बॉक्स में सीबीएसई12 रोल नंबर टाइप कर 7738299899 पर भेजना होगा.कुछ ही सेकंड में रिजल्ट मोबाइल पर प्राप्त हो जाएगा। सीबीएसई के अनुसार, परीक्षा पास करने के लिए प्रत्येक विषय में कम से कम 33 प्रतिशत अंक जरूरी हैं.एक विषय में फेल छात्र कंपार्टमेंट परीक्षा देकर अपना साल बचा सकते हैं, जबकि दो या अधिक विषयों में असफल छात्रों को दोबारा परीक्षा देनी होगी.

**पिछले पांच साल में कितने लोग हुए पास**

2025 - 88.39
2024- 87.98
2023- 87.33
2022- 92.71
2021 - 99.37

## नीट पेपर लीक जांच में उतरी सीबीआई , जयपुर पहुंची टीम

- राजस्थान एसओजी ने सौंपे दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक सबूत
- जयपुर में एसओजी मुख्यालय पहुंचकर एजेंसी ने संभाली कमान





**जयपुर, 13 मई. देश की सबसे महत्वपूर्ण मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2026 के पेपर लीक मामले में अब जांच की कमान सेंटरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन ने संभाल ली है. नीट पेपर लीक के मामले में देश के कई जगहों पर सीबीआई ने छापेमारी की है.अब तक सीबीआई ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं, यह विवाद अब सूप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई.**

मेडिकल के छात्रों और डॉक्टरों के संगठन ने एफएआईएमए ने सूप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए परीक्षा दोबरा कराने की मांग की. अब सीबीआई ने तीन जगहों जयपुर ,गुरूग्राम, नासिक में छापेमारी की है. वहीं पुणें में एक संदिग्ध से पूछ ताज की जा रही है. मंगलवार देर शाम सीबीआई की विशेष टीम जयपुर स्थित राजस्थान स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप मुख्यालय पहुंची, जहां अधिकारियों ने अब तक की जांच से जुड़े सभी अहम दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक सबूत और गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी एजेंसी को सौंप दी.

सीबीआई ने मामले में औपचारिक रूप से एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.एजेंसी ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, चोरी और सबूत नष्ट करने जैसे आरोप लगाए हैं. शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की शिकायत के अनुसार, एनटीए द्वारा 3 मई को आयोजित नीट परीक्षा के बाद कई शिकायतें और खुफिया सूचनाएं मिली थीं.

## एक नजर में



### आज होगा केरल के नए सीएम का ऐलान

**तिरुवनंतपुरम.** केरल में नए मुख्यमंत्री के चयन को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी सभी आंतरिक चर्चाओं और बैठकें पूरी कर ली हैं. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को जानकारी दी कि केरल कांग्रेस विधायक दल की मंजूरी मिलने के बाद पार्टी हाईकमान ने मुख्यमंत्री के चेहरे पर अंतिम निर्णय कर लिया है. इस निर्णय की आधिकारिक घोषणा कल सार्वजनिक रूप से की जाएगी। पार्टी के अनुसार, मुख्यमंत्री पद के लिए तीन दिग्गज नेता सबसे आगे चल रहे हैं- रमेश चेन्निथला, वीडी सतीशन और के सी.वेणुगोपाल.

### यूएई की 16 व्यक्तियों और 5 संस्था आतंकवादी सूची

**अबू धाबी.** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने लेबनान स्थित हिज़्बल्लाह समूह का समर्थन करने के लिए 16 व्यक्तियों एवं पांच संस्थाओं को अपनी आतंकवादी सूची में शामिल किया है. अमीरात मीडिया ने यह जानकारी दी है।वाम समाचार एजेंसी ने मंगलवार को बताया कि यूएई सरकार ने संबंधित कानूनों और नियमों के अनुसार, आतंकवाद का समर्थन करने वाले व्यक्तियों और संगठनों की सूची में 16 व्यक्तियों और पाँच संस्थाओं को शामिल करने की मंजूरी दी है।

## विजय सरकार ने 144 मतों के साथ जीता विश्वास मत

**चेन्नई, 13 मई. तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) सरकार ने बुधवार को 234 सदस्यीय विधानसभा में सहयोगी दलों और अखिल भारतीय अन्न द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के बागी विधायकों के समर्थन के साथ आसानी से विश्वास मत जीतकर बहुमत साबित कर दिया।**

श्री विजय को यह सफलता तब मिली जब 59 सदस्यीय मुख्य विपक्षी दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने सदन से बर्हिगमन किया, जबकि अन्नाद्रमुक की सहयोगी चार सदस्यीय पट्टाली



मक्कल काची (पीएमके) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। श्री विजय द्वारा अपनी सरकार में विश्वास व्यक्त करने का प्रस्ताव पेश करने और विभिन्न दलों के नेताओं के बोलने के बाद प्रस्ताव पर मतदान कराया गया. हालांकि दो विकल्प थे लेकिन अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर ने ध्वनि मत के बजाय सरकार का समर्थन करने वालों की गिनती करने का विकल्प चुना. सदन के 232 सदस्यों में से 171 सदस्य मौजूद रहे.

## मणिपुर में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या

**इम्फाल, 13 मई.** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में कोटलेन क्षेत्र के पास बुधवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने चर्च के प्रमुख नेताओं सहित तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद पूरे जिले में बंद और विरोध प्रदर्शनों के कारण तनाव बढ़ गया है।पुलिस के अनुसार, अज्ञात हथियारबंद लोगों ने कोटजमि और कोटलेन गांवों के पास दो वाहनों पर गोलीबारी की, जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गये. घटना के बाद सुरक्षाकर्मियों ने इलाके में पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 1 .29 करोड़ महिलाओं को 1576 करोड़ ट्रांसफर

### बोले सीएम डॉ. यादव -राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से बना रही आत्मनिर्भर

**नरसिंहपुर,13 मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार,13 मई को जिले के गोटेगांव पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' की मासिक किश्त जारी की. सिंगल क्लिक के जरिए प्रदेश की करीब 1.29 करोड़ महिलाओं के बैंक खातों में 1576 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए.**

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना, सरकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाना और जिले में विकास कार्यों को गति देना रहा.इस दौरान मुख्यमंत्री ने



कई निर्माण परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया। गोटेगांव में महिलाओं का उत्साह नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई.कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ जुटने लगी थी.मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है.

विकास परियोजनाओं की सौगात मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान जिले में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना से जुड़ी कई परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन किया. स्थानीय प्रशासन के मुताबिक इन परियोजनाओं से क्षेत्र में रोजगार और कनेक्टिविटी दोनों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। गोटेगांव जैसे क्षेत्रों में बड़े सरकारी आयोजनों से स्थानीय व्यापार को भी फायदा मिलता है.

## 14 खरीफ फसलों का बढ़ा एमएसपी

- धान, अरहर, बाजरा और सूरजमुखी के दाम में इजाफा
- अहमदाबाद-धोलेरा सेमी हाई-स्पीड रेल को मंजूरी

134 किलोमीटर लंबी यह रेल लाइन अहमदाबाद, धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन, प्रस्तावित धोलेरा एयरपोर्ट और लोथल राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर को जोड़ेगी. सरकार का मानना है कि इससे क्षेत्र में औद्योगिक विकास, रोजगार और कनेक्टिविटी को नई गति मिलेगी. ऊर्जा क्षेत्र में भी सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं के लिए 37,500 करोड़ की योजना को मंजूरी दी है. इस योजना का उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना, एलएनजी, यूरिया और मेथनॉल जैसे उत्पादों के आयात पर निर्भरता कम करना और निजी निवेश को बढ़ावा देना है.

**नई दिल्ली, 13 मई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में किसानों, इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी गई.**

सरकार ने 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की घोषणा की है, जिससे किसानों को उत्पादन लागत पर बेहतर लाभ मिलने की उम्मीद है.सरकार ने सूरजमुखी बीज के एमएसपी में सबसे अधिक 622 प्रति क्विंटल की वृद्धि की है.इसके अलावा कपास, धान, बाजरा, रागी, अरहर और उड़द सहित कई प्रमुख फसलों के समर्थन मूल्य में भी इजाफा किया गया है.

सरकार का कहना है कि एमएसपी निर्धारण 2018-19 के उस फैसले के अनुरूप है, जिसमें उत्पादन लागत से कम से कम डेढ़ गुना मूल्य सुनिश्चित करने की बात कही गई थी. इसी बैठक में गुजरात में अहमदाबाद (सरखेज) से धोलेरा तक देश की पहली सेमी हाई-स्पीड डबल रेल लाइन परियोजना को भी मंजूरी दी गई.लगभग 20,667 करोड़ की लागत वाली यह परियोजना 2030-31 तक पूरी की जाएगी.

## आज से अमूल दूध के दाम 2 रुपए बढ़े

**नई दिल्ली,13 मई.** देश की सबसे बड़ी डेयरी ब्रांड अमूल ने आम उपभोक्ताओं को महंगाई का एक और झटका दिया है. गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ ने घोषणा की है कि ताजे पाउच दूध और अन्य प्रमुख पैकेटों की कीमतों में ?2 प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। यह नई कीमतें 14 मई 2026 से पूरे देश में लागू हो जाएंगी।जीसीएमएमएफ ने अपने बयान में बताया कि दूध उत्पादन और संचालन लागत में लगातार वृद्धि हो रही है। पशुओं के चारे, दूध पैकेजिंग फिल्म और ईंधन की कीमतों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है, जिसके चलते यह कदम उठाना पड़ा. नई बढ़ोतरी औसतन 2.5 से 3.5 प्रतिशत के बराबर है.

## अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव मृत

### सीएम योगी, डिंपल यादव और कई नेता परिवार से मिलने पहुंचे

**लखनऊ, 13 मई. समाजवादी पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे और अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार सुबह मौत हो गयी. इस खबर से पूरे यादव परिवार में शोक की लहर दौड़ गई. 38 वर्षीय प्रतीक को सुबह करीब 6 बजे लखनऊ के सिविल अस्पताल लाया गया था. अस्पताल के डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. डॉक्टरों के अनुसार, फेफड़ों में बड़ी मात्रा में खून के थक्के जमने के कारण हार्ट और फेफड़ों ने काम करना बंद कर दिया था.**



सिविल अस्पताल के चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. डीसी पांडेय के अनुसार, जब प्रतीक को अस्पताल पहुंचाया गया, तब उनकी पल्स और हार्टबीट पूरी तरह बंद हो चुकी थी. प्राथमिक जांच में शरीर पर चोट के छह निशान मिले हैं. पोस्टमॉर्टम केजीएमयू में कराया गया और विसरा सुरक्षित रख लिया गया है ताकि मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सके.बताया जा रहा है कि प्रतीक यादव लंबे समय से पल्मोनरी एम्बोलिज्म जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिंपल यादव, शिवपाल सिंह यादव समेत कई बड़े नेता परिवार से मिलने पहुंचे.

प्रतीक का अंतिम संस्कार गुरुवार दोपहर 12-30 बजे लखनऊ के पिपरा घाट पर किया जाएगा. इस बीच उनकी पत्नी और भाजपा नेता अपर्णा यादव असम से लखनऊ लौट आई हैं.

## गुस्ताखी माफ





**पीएम मोदी के संदेश कारगर** | कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपने काफिले के वाहनों को कम किया,विदेश यात्रा को भी कैंसिल किया

# प्रधानमंत्री मोदी ने घटाया काफिला, अब ई-वाहनों को बढ़ावा





योगी आदित्यनाथ | मोहन यादव | भजनलाल शर्मा | हेमंता बिस्वा सरमा | देवेंद्र फणनवीस | सम्राट चौधरी | सुवेंदु अधिकारी

**नई दिल्ली, 13 मई. देश में बढ़ती ईंधन खपत और वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ा संदेश देते हुए अपने आधिकारिक काफिले का आकार कम कर दिया है. घरेलू यात्राओं के दौरान वाहनों की संख्या दो रहेगी. सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि जहां संभव हो, वहां उनके काफिले में इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग किया जाए.**

प्रधानमंत्री की इस पहल का असर भाजपा शासित राज्यों में तेजी से दिखाई देने लगा है. योगी आदित्यनाथ ने अपने और मंत्रियों के काफिलों में 50 प्रतिशत तक वाहन कम करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने अनावश्यक वाहनों को हटाने और सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग पर जोर दिया. वहीं मोहन यादव ने अपने काफिले का आकार 13 से घटाकर 8 वाहन कर दिया है, उन्होंने कहा कि आगामी आदेश तक सभी सरकारी दौरों में सीमित वाहनों का ही उपयोग होगा और किसी प्रकार की वाहन रैली नहीं निकाली जाएगी. राजस्थान में भजनलाल शर्मा ने भी सरकारी खर्च और ईंधन बचत को ध्यान में रखते हुए अपने काफिले में न्यूनतम वाहनों के उपयोग के निर्देश जारी किए हैं. असम के सीएम हेमंता बिस्वा सरमा ने भी अपने काफिले की संख्या को कम करते हुए, एक महीने तक कोई विदेशी समान नहीं खरीदने का आह्वाहन किया है. महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फणनवीस ने भी पीएम की अपील को मानते हुए , अपने काफिले में वाहनों की संख्या को कम कर दिया है. उन्होंने एक बयान में कहा कि विदेशों में हालात और भी खराब हैं.विदेश यात्रा को रद्द किया गया है पीएम के संदेश पर काम करें और हम विपक्ष से कहना चाहते हैं कि सरकार के इस कदम का मजाक ना बनाएं. वहीं बिहार के सीएम सम्राट चौधरी और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पीएम के आग्रह को मानते हुए अपने काफिले की संख्या में काफी कमी कर दी है.